लल्लूराम.com
सच कहेंगे लल्लूराम

बायोडीजल यूनिट पर छापेमार कार्रवाई: 10 हजार लीटर नकली Biodiesel जब्त, प्रशासन ने किया सील

हेमंत शर्मा, इंदौर: जिला प्रशासन की टीम नकली बायोडीजल बनाने वाले यूनिटों पर लगातार छापेमार करवाई कर रही है। इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर गुरुवार देर रात जिला प्रशासन की टीम ने खंडवा रोड स्थित गोल्डन पंप के पास बने एक यार्ड पर छापा मारा। मौके से 10 हजार लीटर बायोडीजल जब्त किया गया है।

छापेमार कार्रवाई करने पहुंचे जिला आपूर्ति अधिकारी मोहन मारू ने बताया कि कलेक्टर को शिकायत मिली थी। इसके बाद मौके पर पहुंची जिला प्रशासन की टीम ने कार्रवाई की है। खंडवा रोड स्थित गोल्डन पेट्रोल पंप के पास में ही यार्ड बना हुआ है। जिसके अंदर बायोडीजल बनाने का यूनिट लगा हुआ है। यही से बायोडीजल को छोटे टैंकरों द्वारा सप्लाई किया जा रहा था।

मौके पर ऑयल का टैंकर भी खड़ा मिला

अधिकारी ने कहा कि मौके पर एक इंडियन ऑयल का टैंकर भी खड़ा मिला है। पूरे मामले की फिलहाल बारीकी से जांच की जा रही है। बायोडीजल का यूनिट पेट्रोल संचालक का है या नहीं इस पर भी टीम पूछताछ करने में जुटी हुई है। यूनिट संचालक राजू बग्गा से पूछताछ की जा रही है। फिलहाल टीम ने बायोडीजल की यूनिट को सील कर जब्ती की कार्रवाई शुरू कर दी है।

Source: https://lalluram.com/10-thousand-liters-of-adulterated-biodiesel-seized-in-indore/